सूचना

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के परिपत्र सं० 14/Admin-D दिनांकित 01.11.2022 में उल्लिखित निम्नांकित शर्तों के अधीन जनपद न्यायालय भदोही में तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए पुर्ननियुक्ति हेतु पात्र सेवा निवृत्त तृतीय श्रेणी कर्मचारियों से दिनांक **08.01.2025** तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

पात्रता हेतु निर्धारित शर्तें है-

1. उक्त कर्मचारी जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त हुआ हो, किन्तु 65 वर्ष की आयु पूर्ण न किया हो।
2. पुर्ननियुक्ति हेतु कार्यकाल को 01 वर्ष तक अथवा उक्त पद पर प्रोन्नति या सीधी भर्ती होने, या कर्मचारी के 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, तक रहेगा।
3. संबंधित कर्मी को अन्तिम आहरित वेतन में से पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व) घटाते हुए मानदेय प्रदान किया जायेगा।
4. संबंधित कर्मचारी के पूर्व सेवा एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि को दृष्टिगत रखते हुए नियुक्ति प्रदान की जायेगी।

इच्छुक सेवानिवृत्तकर्मी अपना आवेदन-पत्र प्रशासनिक कार्यालय में निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत कर सकते है।

Chandr
3-1-2025

दिनांक-03.01.2025

प्रथम अपर जिला जज /सदस्य,
चयन समिति, जनपद न्यायालय
भदोही।

प्रतिलिपि-

1. सिस्टम आफिसर को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. केन्द्रीय नाजिर को सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

03/1/25